CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 259 रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# नशे से अपराधों को मिलता है बढ़ावा नशाखोरी के खिलाफ चलाएं मुहिम : साय

**कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश**



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के काले कारोबार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि नशे के कारण अन्य अपराधों को बढ़ावा मिलता है. इसके लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करें. साथ ही अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, समय सीमा में पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. वहीं नशाखोरी के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाकर युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं.

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर-एसपी की बैठक जारी है. आज बैठक का दूसरा दिन है. बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है. नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा जारी है. वहीं जिलों के परफॉर्मेंस पर भी व्यापक समीक्षा हो रही है.कलेक्टर-एसपी की बैठक में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महिला और बालिका से जुड़े आपराधिक मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई हो. साथ ही इन अपराधों से जुड़े मामलों में निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत चालान हो. बैठक में साइबर क्राइम और इससे जुड़े आपराधिक गतिविधियों की गहन समीक्षा की जा रही है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि साइबर अपराध के रोज तरीके बदलते है, इसलिए लोगों को जानकारी दी जाए. अंतर्विभागीय समन्वय के साथ लगातार साइबर जागरूकता अभियान चलाने के लिए विशेष पहल हो. साथ ही उन्होंने कहा कि साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार होना चाहिए. वहीं सीएम ने बताया कि रेंज लेवल में वर्तमान में 5 साइबर थाने संचालित हो रहे हैं, शीघ्र ही 9 थानों का संचालन होगा. इस बैठक में गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सहित रेंज आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित है.

**साइबर क्राइम से जुड़े अपराधिक गतिविधियों की समीक्षा**

### महिला-किशोरी से जुड़े आपराधिक मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ हो कार्रवाई

कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन है, मुख्यमंत्री उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं, गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सहित रेंज आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित है। एसपी कॉन्फ्रेंस के बाद एक घंटे का ब्रेक होगा और फिर डीएफओ कॉन्फ्रेंस दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें वनमंडलाधिकारी और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस सत्र में वन विभाग की योजनाओं, वन्यजीव संरक्षण, संसाधनों का प्रबंधन और क्षेत्रीय वन नीतियों की समीक्षा की जाएगी। कांफ्रेंस के समापन अवसर पर सुशासन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 4.15 बजे से 7.30 बजे तक चलेगा। इसमें अधिकारियों और नीति निर्धारकों के बीच संवाद, सुझाव और अनुभव साझा किए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने इस कांफ्रेंस को राज्य में सुशासन और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच बताया है।

# जिला पंचायत सदस्य की कार से बाइक की भिड़ंत, युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम



**तखतपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर-मुंगेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खम्हरिया गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. जिला पंचायत सदस्य की कार से एक मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई. इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत सिम्स बिलासपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान तखतपुर निवासी अश्वनी गंधर्व के रूप में हुई है. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए. घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए. थाना प्रभारी तखतपुर ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार को थाने लाया गया है और उसके मालिक की पहचान की जा रही है. उन्होंने कहा कि घटना रात की होने के कारण प्राथमिकता घायल को उपचार दिलाने की थी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और कार सवार आरोपियों की तलाश जारी है. घटना के समय कार में कोई जनप्रतिनिधि तो सवार नहीं था, या किसी को चोट तो नहीं आई है, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**कार सवार फरार**

# शारदा घोटाला : सीबीआई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, पूछा- राजीव कुमार से 6 साल क्यों नहीं हुई पूछताछ ?



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। करोड़ों रुपये के शारदा चिटफंड घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर इस सप्ताह के अंत में सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की जोरदार दलीलों पर गौर किया और मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर के लिए तय कर दी। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि जांच एजेंसी की याचिका को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें पूरे मामले की व्यापक समझ और विचार के लिए अवमानना ??याचिका भी शामिल है।

पीठ ने सीबीआई की याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को 1 अक्टूबर, 2019 को अग्रिम ज़मानत दी गई थी और उनके वकील के अनुसार, पिछले छह वर्षों में सीबीआई ने उन्हें एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें इस मामले को लंबित क्यों रखना चाहिए? आपने इतने वर्षों में कुछ नहीं किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस मामले में एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के आवास को %गुंडों ने घेर लिया% और उन्हें कोलकाता में अपने परिवार के सदस्यों की सलामती के लिए सचमुच मदद की गुहार लगानी पड़ी। मेहता ने अनुरोध किया कि दिवाली की छुट्टियों के बाद अन्य याचिकाओं पर भी एक साथ विचार किया जाए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### तालिबान मंत्री की नई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय महिला पत्रकारों ने दिखाई ताकत

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास में तालिबानी विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय महिला पत्रकारों ने पहली पंक्ति में बैठकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह कदम हालिया विरोध के बाद महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बना। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने महिलाओं के अधिकारों की इस लड़ाई का समर्थन किया। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को प्रवेश न देने पर मचा बवाल आखिरकार रंग लाया। विरोध और जनआक्रोश के बाद रविवार को भारतीय महिला पत्रकारों ने दूतावास में आयोजित मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहली पंक्ति की सीटें संभालीं, जो महिला अधिकारों के सम्मान और प्रेस स्वतंत्रता का प्रतीक बनीं।

### ट्रंप की पुतिन को खुली धमकी :) जल्दी युद्ध खत्म करो नहीं तो यूक्रेन भेज देंगे टॉमहॉक

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को रूस को चेतावनी दी कि यदि वह यूक्रेन के साथ लंबे समय से जारी युद्ध को समाप्त नहीं करता है तो अमेरिका यूक्रेन को लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइल दे सकता है। ट्रंप ने इजराइल जाते समय एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि अगर यह युद्ध नहीं समाप्त होता तो मैं उन्हें टॉमहॉक भेजूंगा। टॉमहॉक बेहतरीन हथियार है, बेहद आक्रामक हथियार... ट्रंप ने पत्रकारों से कहा,'' मैं उनसे कहूंगा कि अगर युद्ध समाप्त नहीं हुआ तो हम ऐसा कर सकते हैं।




चूहा- सुनती हो, बिहार में एनडीए सीट बंटवारे में विवाद नहीं है बोलते हैं।
चुहिया- हां जी, फिर राजभर अकेले क्यों लड़ना चाहते हैं।

# एरिया डोमिनेशन के दौरान नक्सलियों के लगाए आईईडी में हुआ विस्फोट



**चपेट में आने से एसटीएफ जवान घायल एयरलिफ्ट कर लाया गया रायपुर**

**जगदलपुर/बीजापुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच सोमवार को एक बार फिर नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है। भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में जबरदस्त विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से एक स्न्नस्न जवान घायल हो गया।

सूत्रों के अनुसार, घायल जवान को तत्काल मौके से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया, जहाँ प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु चॉपर के माध्यम से रायपुर के हायर सेंटर भेजा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र मीना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवान की स्थिति अब सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां आसपास के इलाकों में नक्सलियों की गतिविधियों का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

# कोल्ड्रिफ सिरप निर्माता और सरकारी अधिकारियों के 7 ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। ईडी ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप से बच्चों की मौत के गंभीर मामले में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स और तमिलनाडु एफडीए के परिसरों पर छापे मारे। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई, क्योंकि डाइएथिलीन ग्लाइकॉल युक्त जहरीले सिरप ने 20 से अधिक बच्चों की जान ली, जो नियामक विफलता और आपराधिक लापरवाही पर गंभीर प्रश्न उठाता है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार माने जा रहे कफ सिरप कोल्ड्रिफ के निर्माता श्रीसन फार्मास्युटिकल्स और तमिलनाडु एफडीए के शीर्ष अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर सोमवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चेन्नई में कम से कम सात परिसरों में की। मध्य प्रदेश और राजस्थान में कोल्ड्रिफ दिए जाने के बाद कम से कम 20 बच्चों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की उम्र पांच वर्ष से कम थी। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने कहा है कि तमिलनाडु खाद्य एवं औषधि प्रशासन (टीएनएफडीए) से 2011 में लाइसेंस प्राप्त कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मा ने अपने खराब बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय औषधि सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघनों के बावजूद एक दशक से अधिक समय तक परिचालन जारी रखा। कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) नामक बेहद जहरीले पदार्थ की 'खतरनाक' स्तर की मिलावट पाई गई। श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक जी रंगनाथन को मध्य प्रदेश पुलिस ने नौ अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

**20 बच्चों की मौत का इंसाफ!**

# बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार को बड़ा झटका !

## आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार केस में आरोप तय



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।

विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार

दिल्ली की कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ उनकी कथित भूमिका के आधार पर अलग-अलग धाराओं में आरोप तय किए थे। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र रचने के अपराध के लिए आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे। कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालांकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। लालू प्रसाद यादव ने खुद को निर्दोष बताया है और उनका कहना है कि वे मुकदमे का सामना करेंगे।

**कोरबा में सपना चौधरी के कार्यक्रम के बाद बवाल**

# देर रात रिसोर्ट में तोड़फोड़, मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज



कोरबा, 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।कोरबा में हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के कार्यक्रम में विवाद हो गया. आरोप है कि कुछ लोगों ने जश्न रिसॉर्ट में तोड़फोड़ की और सपना चौधरी की टीम के साथ मारपीट भी की. इस मामले में सपना चौधरी की टीम और रिसॉर्ट के मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बाद जब रात में सपना चौधरी अपने कमरे में सो रही थी तब बाहर कुछ लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। गाली गलौज करने के साथ गोली मारने की धमकी दी। सपना चौधरी के मुताबिक उनकी टीम के साथ झगड़ा और मारपीट भी की गई और लोगों को उकसाया भी गया. इस मामले में जश्न रिसोर्ट के मालिक करणदीप ने अमित,अनिल,युगल और सुजल के विरुद्ध कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोप है इन चार लोगों ने सपना चौधरी के लोगों से कार्यक्रम के लिए ज्यादा पैसा लेने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर मारपीट की और जब इन्हें मना किया गया तो जश्न रिसोर्ट में तोड़फोड़ और मारपीट की. साथ ही सीसीटीवी कैमरा का डीवीअर अपने साथ ले गए और 10000 रुपए भी लूट लिए। रिसोर्ट मालिक ने सात लाख रुपए का नुकसान होने की बात कही है. इस मामले में कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. मामले की जांच की जा रही है.

CMYK